दीपक त्रिवेदी,
प्रमुख सचिव।

अर्धशापत्रसं0-956/84-1-13-04विविध/08
उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनु0-1
लखनऊ दिनॉक 11 सितम्बर, 2013

प्रिय

क़पया मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र सं0-17एम(21)/35-आ-1/2013-53, दिनॉक 26 अगस्त, 2013 (प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से भारत सरकार में लम्बित राज्य के महत्वपूर्ण प्रकरणों की अद्यावधिक स्थिति नियमित रूप से स्थानिक आयुक्त, उ0प्र0, नई दिल्ली तथा नियोजन विभाग को प्रेषित किये जाने के निर्देश हुए हैं कि इन लम्बित प्रकरणों में सम्बन्धित केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों तथा राज्य के मध्य समन्वय किये जाने हेतु केन्द्रीय मंत्रि-मण्डल सचिवालय में अतिरिक्त सचिव के स्तर पर बैठकें आयोजित किये जाने की व्यवस्था अपनाई गई है।

2- इस संबंध में मुझसे यह कहने की अपेक्षा की गई है कि उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भारत सरकार को प्रेषित किये गये संदर्भो का विवरण आपको निम्नवत् संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि प्रकरण में अपने स्तर से सम्यक् अनुश्रवण कराने की कृपा करें:-

(1) उत्तर प्रदेश विधिक माप विज्ञान विभाग के सुदृढीकरण हेतु भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले विभाग) कृषि भवन, नई दिल्ली से पत्र संख्या-151/84-1-10-04विविध/2008, दिनॉक 03-02-2010 द्वारा विधिक माप विज्ञान विभाग के मण्डल /जिला एवं तहसील स्तर पर स्थापित कार्यालय/प्रयोगशाला भवनों के निर्माण हेतु रू0 68.3975 करोड आबंटित करने का अनुरोध किया गया, जिसके सापेक्ष भारत सरकार द्वारा 2010-11, 2011-12, एवं 2012-13 में कुल रू0 12.44 करोड की धनराशि आबंटित की गई है। इस संबंध में अवशेष धनराशि रू0 55.9575 करोड अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

(2) उत्तर प्रदेश में 19 जिला फोरमों के भवन निर्माण हेतु पत्र संख्या-795/84-1-11सी.पी./2005टीसी, दिनॉक 16-8-2011 द्वारा भारत सरकार से रू0 80.142 करोड आबंटित किये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त अपेक्षित धनराशि आबंटित किये जाने विषयक पत्र दिनॉक 29-8-2012 सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न हैं।

संलग्नक- यथोक्त ।

भवदीय,

(दीपक त्रिवेदी)

सुश्री कल्पना अवस्थी,
स्थानिक आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन,
कस्तूरबा गॉधी मार्ग,
नई दिल्ली।

आदरणीय महोदय,

स्थानिक आयुक्त, उत्तर प्रदेश को सम्बोधित उक्त अर्धशासकीय पत्र की प्रति सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित है।

भवदीय,

(दीपक त्रिवेदी)

श्री जावेद उस्मानी,
मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश।

http://shasanadesh.up.nic.in